HEADMASTERS' FORUM, TIRUR

SSLC മാതൃകാ പരീക്ഷ

ഫെബ്രുവരി 2022




Time **1** 1/2 hrs **HINDI** Total Score : 40

**भाग I**

**A. सूचना: 1 से 6 तक किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखें। प्रत्येक के लिए 1 अंक है। (4 x 1 = 4)**

**1.** "नहीं खेलेंगे। तेरे सिर में फिर से लग जाएगी तो...?" यहाँ साहिल का कौन-सा मनोभाव प्रकट होता है ?

- साहिल की निर्भयता का।
- बेला से उसकी अंतरंग मित्रता का।
- खेल के प्रति उसकी अरुचि का।
- पढ़ाई के प्रति उसकी रुचि का।

**2.** उचित प्रयोग चुनकर लिखें।
( रविवार की दिन थी। , रविवार का दिन था। , रविवार के दिन था। , रविवार का दिन थे।)

**3.** नमूने के अनुसार लिखें।

| | |
|---|---|
| वह उसे स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा। | वह उसे स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगी। |
| वे उसे स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगे। | वे उसे स्टेज पर भेजने की ज़िद .............। |

**4.** "बाँछें खिल जाना।" - का अर्थ चुनकर लिखें।
(क) दरीपट्टी पर बैठना।
(ख) प्रसन्न होना
(ग) पहला अक्षर मिलना।
(ग) अदला-बदली करना।

**5.** उसने रस्सी का फंदा घड़े में डाला। "उसने" में निहित सर्वनाम और परसर्ग चुनकर लिखें।
( वे + ने , वह + ने , यह + ने , ये + ने )

**6.** "इन शब्दों में <u>कड़वा</u> सत्य था।" रेखाँकित शब्द से संबन्धित सही उत्तर चुनकर लिखें।
( संज्ञा , सर्वनाम , क्रिया , विशेषण )

**B. 7 से 9 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 1 अंक है। (3 x 1 = 3)**

**7.** 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' कविता के आधार पर सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। [1]

(क) व्यक्ति को जानने का मतलब है उसके नाम से जानना।

(ख) व्यक्ति को जानने का मतलब है उसकी हताशा को जानना।

(ग) व्यक्ति को जानने का मतलब है उसकी आर्थिक स्थिति को जानना।

(घ) व्यक्ति को जानने का मतलब है उसके ओहदे से जानना।

**8.** उत्तराखंड के हिमालयी अंचल के बच्चों का सबसे बड़ा त्योहार है ............। कोष्ठक से चुनें।

( होली , दीपावाली , फूलदेई , दशहरा )

**9.** सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

क) बूढा मल्लाह सर्दी में कमीज पहनकर नाव चलाता था।

ख) बूढा मल्लाह सर्दी में लुंगी पहनकर नाव चलाता था।

ग) बूढ़ा मल्लाह सर्दी में कुर्ता पहनकर नाव चलाता था।

घ) बूढ़ा मल्लाह सर्दी में बनीयान पहनकर नाव चलाता था।

**भाग II**

**A. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक है। (1 x 2 = 2)**

**10.** कोष्ठक के शब्दों से वाक्य पिरामिड़ की पूर्ति करें।

( स्कूल की , नीली-खाकी )

मिहिर हमेशा चिढ़ा करता था।
मिहिर यूनीफ़ॉर्म से हमेशा चिढ़ा करता था।

.............................................................................

...................................................................................

**B. 11 से 12 तक किसी एक प्रश्न का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक हैं। (1 x 2 = 2)**

11. तीसरी ग़ज़ल सुनाकर वह खामोश हो गया। उसके खामोश हो जाने से सारा वातावरण ही बदल गया । इससे आप ने क्या समझा ?

**12.** कोष्ठक से चुनकर **तालिका की पूर्ति** करें । (ढोल-ढमाऊ, बुराँस, औजी, फ्योंली )

| | |
|---|---|
| चैती गीत गानेवाले | |
| पहाड़ो पर शानदार लालिमा बिछा देनेवाले | |

**भाग III**

**A. 13 से 16 तक के किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें। प्रत्येक के लिए 3 अंक हैं। (3 x 3 = 9)**

**13.** "ठाकुर का कुआँ" कहानी के आधार पर घटनाओं को क्रमबद्ध करके लिखें।

- गंगी जगत से कूदकर भागी ।
- रात नौ बजे गंगी कुएं से पानी लेने पहुंची ।
- एकाएक ठाकुर साहब का दरवाज़ा खुला ।
- जोखू ने लोटा मुंह से लगाया तो सख्त बदबू आयी ।
- गंगी दबे पांव कुएं की जगत पर चढ़ी ।
- गंगी ने घड़ा कुएं में डाल दिया ।

**14.** संबंध पहचानकर सही मिलान करें।

| | |
|---|---|
| चार्ली को लगा | कि स्टेज पर पैसों की बौछार शुरू हो गई। |
| चार्ली ने मशहूर गीत | कि मैनेजर खुद पैसे रख लेना चाहता है। |
| गाना अभी आधा ही हुआ था | जैक जोन्स गाना शुरु किया । |

**15.** "टूटा पहिया" कविता की ये पंक्तियां पढ़ें और आशय लिखें।

इतिहासों की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे पहिए का आश्रय ले।

**सूचना: "अकाल और उसके बाद" कविता की ये पंक्तियां पढ़ें ।और प्रश्न 16 का उत्तर लिखें।**

दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद
धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद
चमक उठी घर भर की आँखें कई दिनों के बाद
कौए ने खुजलाई पाँखें कई दिनों के बाद।

**16.** निम्न लिखित सूचनाओं से "अकाल के बाद " से संबंधित सूचनाएँ चुनकर लिखें।

- चूल्हे का रोना।

- घर के अंदर दाने का आना ।
- घरवालों की आँखें प्रकाशित होना।
- भीत पर छिपकलियों का घूमना ।
- कौए की अपनी पांखें खुजलाना ।

**B. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखें। 3 अंक है।** **(1 x 3 = 3)**

**17.** "दिशाहीन दिशा" यात्रा वृत्त के आधार पर सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

- लेखक के मन में यात्रा की कोई बनी हुई रूप-रेखा नहीं थी ।
- पश्चिमी समुद्र -तट पर गोआ से सुन्दर दूसरी जगह नहीं है।
- लेखक का मित्र अविनाश एक डाक्टर है।
- बूढ़े मल्लाह ने एक ग़ज़ल छेड़ दी।
- अब्दुल जब्बार ने अपना कोट उतारकर अविनाश को दिया।

**भाग IV**

**A. 18 से 20 तक किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें। प्रत्येक के लिए 4 अंक हैं।** **(2 x 4 = 8)**

सूचना: सबसे बडा शो मैन ' जीवनी का यह अंश पढें और नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें।

लोग चिल्लाने लगे। कहीं से कुछ लोग म्याऊ म्याऊ कीआवाज़ निकालने लगे। इस अभद्र शोर ने माँ को स्टेज से हटने को मज़बूर कर दिया।

**18.** अपनी आवाज़ फटने से माँ को बहुत दुख हुआ । साथ ही चार्ली की शो से बडी खुशी भी हुई । माँ के उस दिन की संभावित डयरी लिखें।

सूचना: "आई एम कलाम के बहाने" फिल्मी लेख का यह अंश पढें और नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें।

गाँव के स्कूल में मेरा एक साथी था मोरपाल। वही मोरपाल जिसकी मेरे खाने डिब्बे में राजमा देखते ही बाँछें खिल जाती थीं। हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला-बदली का । यानी मेरे टिफ़िन के राजमा चावल उसके और उसके घर से आया बडा सा छाछ का डिब्बा मेरा। मोरपाल ने मेरे टिफ़िन बॉक्स में रखे राजमा को खाने से पहले कभी राजमा देखा भी नहीं था ।

**19.** मिहिर अपने स्कूली अनुभवों को बताते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखता है। मिहिर का वह पत्र कलपना करके लिखें।

सूचना: 'बीरबहुटी ' कहानी का यह अंश पढें और नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें।

एक पैन स्याही भर दो " साहिल से पहले ही बेला ने दुकान वाले से कहा "बेटा स्याही की बोतल अभी अभी खाली हो गई है । अब तो कल ही मिल पाएगी ।" लेकिन इसने तो पैन में जो स्याही बची थी उसे भी ज़मीन पर छिड़क दिया।" बेला बोली। "बादल को देखकर घडे को नहीं ढुलाना चाहिए।" दुकान वाले भैया ने कहा और पूछा " कौन सी में पढते हो ?"

**20.** कहानी के इस अंश के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें।

**B. 21 से 22 तक किसी एक प्रश्न का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 4 अंक हैं।** **(1 x 4 = 4)**

**सूचना: "हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था" टिप्पणी का यह अंश पढें नीचे दिए तालिका की पूर्ति करें।**

व्यक्ति को मैं नहीं जानता था, हताशा को जानता था कहते ही वे जानने की हमारी उस जानी पहचानी रुढि को तोड़ देते हैं जो व्यक्ति के नाम, पते, उम्र, ओहदे या जाति से जानने को जोड़ती है। यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा, निराशा, असहायता या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते।

**अथवा**

**21.**

| जानने के रुढ़िग्रस्त आधार | जानने के असली आधार |
|---|---|
| | |

**22.** "बसंत मेरे गाँव का" लेख का यह अंश पढ़ें और इससे संबंधित एक रपट तैयार करें।

बसंत फूलदेई का त्यौहार लेकर आता है। देर शाम तक बच्चे फूल चुनते हैं। इन फूलों को रिंगाल (बाँस की एक प्रजाति) से बनी खास तरह की टोकरियों में रखा जाता है। टोकरियों को रात भर पानी से भरी गागरों के ऊपर रखा जाता है ताकि वे सुबह तक मुरझा न पाएँ । सुबह पौ फटते ही बच्चों की टोलियॉ गॉव भर में घूमती है।

**भाग V**

**A. 23 से 24 तक किसी एक प्रश्न का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 5 अंक हैं। (1 x 5 = 5)**

गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों और मज़बूरियों पर चोटें करने लगा। हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं?

**23.** उपर्युक्त कथाँश के आधार पर 'जाति प्रथा अभिशाप है।' यह संदेश देनेवाता एक पोस्टर तैयार करें ।

**अथवा**

**24. सूचना: गणित के सुरेंदर माट साहब ने कॉपी देखते समय बेला के बालों में पंजा फंसाया । बेला को बहुत शर्मिंदा महसूस हुई।दुखी मन से बेला घर पहूँचा।**

**इस प्रसंग के आधार पर बेला और उसकी माँ के बीच की बातचीत (वार्तालाप) को आगे बढ़ाएँ ।**

**माँ : क्यों उदास हो बेटी ? तबीयत तो ठीक है न?**

**बेला : कुछ नहीं है माँ।**

**माँ :**

**बेला :**

**माँ :**

**बेला :**

**माँ :**

**बेला :**

**माँ :**

**बेला :**